जरूरत के आधार पर बन रही योजनाएं

पटना ■ योजना व विकास मंत्री नरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि राज्य में आवश्यकता के आधार पर योजनाएं बनायी जा रही है. योजना का विकेंद्रीकरण किया गया है. पंचायत,

विकेंद्रित योजना पर मीडिया कार्यशाला

प्रखंड व जिला स्तर पर योजनाएं बन रही हैं. योजनाओं की जानकारी गांव के लोगों को होनी चाहिए, इसके लिए मीडिया सहायता कर सकता है. अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही विकलांगता प्रमाणपत्र बन रहे हैं. बुधवार को वह विकेंद्रित योजना पर

कार्यशाला को संबोधित करते योजना व विकास मंत्री नरेंद्र नारायण यादव.

मीडिया कार्यशाला का उद्घाटन कर रहे थे. योजना व विकास विभाग के प्रधान सचिव विजय प्रकाश ने कहा कि व्यक्ति, परिवार, क्षेत्र और संस्था के आधार पर योजना तैयार होने से सभी को इसका लाभ मिल सकता है. पीयू के कुलपति शंभू नाथ सिंह ने कहा कि जिनके लिए योजना बनायी जा रही है, उन्हें लाभ मिल रहा है या नहीं. इसकी जांच करनी होगी.

ब्यूरोक्रेसी विकेंद्रीकरण विरोधी

यूएनडीपी के वरिष्ठ सलाहकार टीआर रघुनंदन ने स्वीकार किया कि ब्यूरोक्रेसी विकेंद्रीकरण का विरोधी है. यूएनडीपी के सुंदर एन मिश्रा ने कहा कि बिहार में विकास दर बढ़ा है, लेकिन यह विकास कुछ क्षेत्रों में ही हुआ है. स्वागत सीएसडीएस के डॉ विपुल मुदगल ने की. मौके पर इंक्लूसिव मीडिया के सत्येंद्र रंजन व कई पत्रकार मौजूद थे. कार्यशाला का आयोजन सीएसडीएस, यूएनडीपी व योजना आयोग द्वारा किया गया.